आर. एन. आई. नं. UPHIN/2010/32566 डाक. पंजीयन. संख्या– SSP/LW/NP-311

# अद्भुत समाचार


निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी साप्ताहिक

हर ख़बर पर पैनी नज़र

वर्ष : 13 अंक : 45 लखनऊ, मंगलवार 07 मार्च 2023 से 13 मार्च 2023 तक पृष्ठ–8 मूल्य : एक

## कोविड–१९ के दौरान भारत के फार्मा सेक्टर पर भरोसा दुनिया भर में बढ़ाः मोदी

नई दिल्ली। कोरोना वायरस काल के दौरान भारत का फार्मा सेक्टर लगातार काम करता रहा और महामारी से बचाव के लिए दुनिया भर में वैक्सीन पहुंचाने का प्रयास किया। महामारी के इस काल के दौरान भारत के फार्मा सेक्टर के प्रति दुनिया भर का विश्वास बढ़ा है। कोरोना वायरस काल में भारत के फार्मा सेक्टर के प्रति लोगों को विश्वास बढ़ा है। ये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुद सोमवार को कहा है। भारत के फार्मा सेक्टर में दुनिया भर में भरोसा हासिल किया है। उन्होंने श्स्वास्थ्य और चिकित्सा अनुसंधानश विषय पर बजट के बाद के वेबिनार को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की है। प्रधानमंत्री ने कहा, 'कोविड–१६ महामारी के दौरान जिस तरह से भारत के फार्मा क्षेत्र ने दुनिया भर में भरोसा हासिल किया है, वह अभूतपूर्व था। हमें इसका लाभ उठाना होगा।' बता दें कि सरकार द्वारा आयोजित किए जा रहे १२ वेबिनार की श्रृंखला में यह नौवां वेबिनार था।



वेबिनार की मेजबानी के पीछे का उद्देश्य केंद्रीय बजट २०२३ में घोषित पहलों के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए विचारों और सुझावों की तलाश करना है। गौरतलब है कि भारत ने सिर्फ कोरोना वायरस संक्रमण से बचाव के लिए जीवन रक्षक वैक्सीन को ना सिर्फ भारत में पहुंचाया बल्कि दुनिया भर में टीकों की आपूर्ति भी की। वैक्सीन मैत्री के तहत भारत ने महामारी के दौरान १०० देशों को टीके की आपूर्ति की और करीब १५० देशों को दवा उपलब्ध कराई। वेबिनार के दौरान पीएम मोदी ने यह भी कहा कि उनकी सरकार का फोकस स्वास्थ्य क्षेत्र में अधिक प्रौद्योगिकी का उपयोग करना है। उन्होंने कहा कि हम डिजिटल स्वास्थ्य आईडी प्रणाली के जरिए सभी नागरिकों को समय पर स्वास्थ्य सेवा देना चाहते है। सरकार ई संजीवनी टेलीमेडिसिन सेवा के जरिए १० करोड़ टेली परामर्श किए है। लोगों को अपने घरों के पास परीक्षण सुविधाएं और बेहतर प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल मिलनी चाहिए।

## उमेश पाल हत्याकांड के शूटर को एनकाउंटर में किया गया ढेर

लखनऊ। प्रयागराज में हुए उमेश पाल हत्याकांड को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार जबरदस्त तरीके से एक्शन में है। आज हत्याकांड के १० दिन बाद मुठभेड़ में अतीक अहमद के शार्प शूटर उस्मान को पुलिस ने मार गिराया है। इसके बाद भाजपा नेता शलभ मणि त्रिपाठी ने ट्वीट किया है। इस ट्वीट में उन्होंने साफ तौर पर लिखा है कि कहा था ना कि मिट्टी में मिला देंगे !! उमेश पाल और संदीप निषाद पर पहली गोली चलाने वाला खूंखार हत्यारा उस्मान भी आज पुलिस मुठभेड़ में ढेर। आपको बता दें कि जब यह मामला सुर्खियों में आया था और विपक्ष योगी सरकार को घेर रही थी। तब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सदन में कहा था कि ऐसा करने वाले को मिट्टी में मिला देंगे। इस एनकाउंटर पर उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रयागराज के उमेश पाल और सुरक्षा में लगे जवानों के हत्यारों को पकड़ने को पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान में आज बड़ी कामयाबी हासिल करने वाली पुलिस टीम को बधाई! घटना से जुड़े एक एक अपराधी चाहे पाताल में छुप जायें, उन्हें पकड़कर कठोर कानूनी



कार्रवाई होगी! दूसरे डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने कहा कि हम सभी अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा देंगे, कोई बख्शा नहीं जाएगा। आपको बता दें कि उमेश पाल हत्याकांड मामले में अतीक अहमद पर आरोप लग रहा है। इसके बाद से अतीक अहमद के करीबियों के खिलाफ योगी सरकार है। एक्शन लगातार जारी है अतीक अहमद के कई करीबियों पर बुलडोजर चल चुका है।

## लोहिया संस्थान के आउटसोर्सिंग कर्मियों को वेतन का इंतजार

लखनऊ। डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में आउटसोर्सिंग पर तैनात करीब २ हजार कर्मचारियों को अभी तक वेतन नहीं मिल पाया है। होली पर्व पर वेतन का इंतजार कर रहे कर्मियों के हाथ मायूसी लगी है। यह हाल तब है जब शासन की तरफ से महीने की सात तारीख तक वेतन देने का आदेश है। उसके बाद भी कंपनियों की मनमानी जारी है। यह पहला मौका नहीं है जब लोहिया संस्थान में आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को अपने वेतन के लिए इंतजार करना पड़ रहा है। इससे पहले भी इस तरह की दिक्कत आती रही है। आठ तारीख को होली है,लेकिन ६ मार्च तक लोहिया संस्थान के करीब २ हजार आउटसोर्स कर्मियों को वेतन नहीं मिला है। संयुक्त स्वास्थ्य आउटसोर्सिंग संविदा कर्मचारी संघ के महामंत्री सच्चिदानंद मिश्र ने बताया है कि संगठन की मांग पर शासन और लोहिया प्रशासन ने आउटसोर्सिंग कर्मियों समय से वेतन देने के निर्देश दिये थे,लेकिन उसके बाद भी कर्मियों को अक्सर त्योहारों पर मायूसी ही हाथ लगती है। समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि महीनों से वेतन का भुगतान नहीं करके सरकार संविदाकर्मियों की होली को बदरंग करने पर तुली है। उन्होंने सोमवार को जारी बयान में कहा कि हजारों संविदा कर्मियों को कई–कई महीनों से वेतन नहीं दिया जा रहा है।

## जस्टिस अमित शर्मा ने दिल्ली हाई कोर्ट के जज के रूप में शपथ ली

नई दिल्ली। न्यायमूर्ति अमित शर्मा ने सोमवार को दिल्ली उच्च न्यायालय के स्थायी न्यायाधीश के रूप में पद की शपथ ली। मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा ने न्यायमूर्ति अमित शर्मा को शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह उच्च न्यायालय के अन्य न्यायाधीशों और वकीलों की उपस्थिति में न्यायाधीशों के लाउंज में हुआ। उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम ने १५ फरवरी को सिफारिश की थी कि न्यायमूर्ति अमित शर्मा को उच्च न्यायालय का स्थायी न्यायाधीश बनाया जाए। केंद्र सरकार ने तीन मार्च को उनकी नियुक्ति को अधिसूचित किया था। दिल्ली उच्च न्यायालय में न्यायाधीशों के ६० पद स्वीकृत हैं, जिनके सापेक्ष दस महिला न्यायाधीश सहित कुल ४५ न्यायाधीश कार्यरत हैं।

## संविदाकर्मियों की होली को बदरंग कर रही है भाजपा सरकार : अखिलेश

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि महीनों से वेतन का भुगतान नहीं करके सरकार संविदाकर्मियों की होली को बदरंग करने पर तुली है। अखिलेश यादव ने सोमवार को जारी बयान में कहा कि हजारों संविदा कर्मियों को कई–कई महीनों से वेतन नहीं दिया जा रहा है। केन्द्रीय गृह मंत्री ने और हाल में मुख्यमंत्री ने भी होली–दीवाली पर उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को मुफ्त में एक–एक गैस सिलेण्डर देने का वादा किया था। अभी तक तो गैस सिलेण्डर बंटे नहीं। जो सरकार होली जैसे बड़े त्योहार पर भी अपने कर्मचारियों को वेतन नहीं दे सके उसे सत्ता में बने रहने का क्या अधिकार है। एक रंगी सोच वाले भाजपाइयों को बहुरंगी पर्व कैसे सहन होगा। उन्होंने कहा



कि कन्नौज जिला भाजपा सरकार की आंखों में किरकिरी बन गया है। यहां तमाम विकास योजनाएं ठप्प हो गई हैं और भाजपा सरकार लगभग १० हजार संविदा कर्मियों के घरों पर अंधेरा करने पर उतारू है। यहां संविदा कर्मियों को कई–कई महीनों से वेतन नहीं मिला है। स्वास्थ्य महकमे में कार्यरत संविदा कर्मियों को पिछले छह माह से वेतन नहीं मिला है।बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों में मिड–डे–मील बनाने वाले रसोइयों को गत तीन माह से वेतन नहीं मिला। उन्हें मात्र दो हजार रुपये मासिक मिलता है वह भी समय से नहीं दिया जा रहा है। इसी तरह नगर पालिका और नगर पंचायतों में काम करने वाले सफाईकर्मी भी समय से वेतन न मिलने से परेशान हैं। सपा अध्यक्ष ने कहा कि कन्नौज में पावर सबस्टेशनों में कार्यरत बिजली कर्मचारियों को मानदेय नहीं मिला है। मेडिकल कॉलेज में आउटसोर्स से भर्ती ३५० कर्मचारियों को छह माह से वेतन के लिए भटकाया जा रहा है। भाजपा सरकार ने नौजवानों को रोजगार के नाम पर सिर्फ धोखा दिया है। स्थाई रोजगार तो दूर की बात है अस्थायी व्यवस्था में भी उन्हें समय से वेतन अथवा मानदेय नहीं मिल रहा है। मैलानी की नगर पंचायत में आउटसोर्स से भर्ती कर्मचारियों को दो माह से वेतन नहीं मिला तो एक युवक वहां विरोध में पानी की टंकी पर चढ़ गया। भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों से प्रदेश कराह रहा है। हर तरफ जनता में आक्रोश व्याप्त है।

## राम मंदिर की झलकियां आई सामने

लखनऊ। भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का कार्य तेजी से चल रहा है। जिसका करीब ७५ प्रतिशत काम पूरा होने का दावा किया जा रहा है। सोमवार को श्रीराम जन्मभूमि तीरथ क्षेत्र के महासचिव और विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष चंपत राय ने मंदिर निर्माण कार्य का वीडियो सोशल मीडिया पर साझा कर इसकी झलकियां दिखाई। वीडियो में बड़े–बड़े नक्काशीदार खंभे खड़े दिखाई दे रहे हैं और कई साधु संत राम जन्मभूमि निर्माण स्थल का दौरा करते दिख रहे हैं।

# सम्पादकीय

## विश्व संचालन की पुरानी संस्थाएं नाकाम

विदेश मंत्रियों की जी–२० और क्वाड की बैठकों पर गौर करें, तो यह जाहिर हो जाता है। जी–२० के मंच पर कोई सार्थक बातचीत नहीं हो पाई। उलटे यह पश्चिमी देशों और रूस–चीन के लिए एक दूसरे को खरी–खोटी सुनाने का मौका बन कर रह गया। जबकि क्वाड्रैंगुलर सिक्युरिटी डायलग (क्वाड) के विदेश मंत्रियों की बैठक में विचारों




और मकसद की समानता नजर आई और यह बात उनकी तरफ से जारी साझा बयान में भी झलकी। इस अंतर का कारण यह है कि जी–२० उस दौर में बना था, जब अमेरिका दुनिया में एकमात्र ध्रुव था और अंतरराष्ट्रीय कूटनीति को अपने हितों के मुताबिक संचालित करने में वह सक्षम था। जी–२० अंतरराष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को मिल–जुल कर चलाने लिए बनाया गया था। इस अर्थव्यवस्था का स्वरूप पश्चिम प्रेरित भूमंडलीकरण था। वह दौर अब गुजर चुका है। आर्थिक से लेकर कूटनीतिक गुटबंदी तक में अब दुनिया दो भागों में बंट रही है। क्वाड इस बंटती दुनिया में बना मंच है, जिसकी रणनीतिक दिशा स्पष्ट है। यही बात ब्रिक्स और शंघाई सहयोग संगठन जैसे समूहों पर भी लागू होती है। भारत की मुश्किल यह है कि वह इन दोनों ध्रुवों पर अपनी प्रभावशाली भूमिका चाहता है। चूंकि दोनों गुट भारत की अहमियत को समझते हैं, इसलिए अब तक भारत की यह रणनीति कारगर रही है। लेकिन यह भूमिका खरहे के साथ दौड़ने और शिकारी कुत्ते के साथ मिल कर शिकार करने जैसी है, जिसकी एक सीमा होती है। जी–२० की मेजबानी करते हुए भारतीय अधिकारियों को जरूर इस बात का अहसास हुआ होगा। इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस अपील का कोई असर नहीं हुआ कि मौजूद देश असहमति को भूल कर सहमति के बिंदुओं पर आगे बढ़ें। बल्कि इस दौरान उनकी इस बात की पुष्टि ही हुई कि विश्व संचालन की पुरानी संस्थाएं नाकाम हो गई हैं।

## सपा ने लखनऊ समेत ५ जिलों के अध्यक्ष किये नामित

लखनऊ। समाजवादी पार्टी ने राजधानी लखनऊ समेत यूपी के पांच जिलों में अपने जिलाध्यक्ष नामित किये हैं। लखनऊ में जय सिंह जयंत को पार्टी का जिलाध्यक्ष बनाया गया है। पार्टी ने लखनऊ, मीरजापुर, बदायूं, रायबरेली और गोरखपुर में जिलाध्यक्ष नामित किये हैं।

# पिछले छह वर्षों में एक भी किसान ने नहीं की आत्महत्याः योगी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को दावा किया कि उनकी सरकार ने गन्ना किसानों को दलालों के चंगुल से छुटकारा दिलाया है और पिछले छह वर्षों के उनके शासन में राज्य में एक भी किसान ने खुदकुशी नहीं की है। मुख्यमंत्री ने होली से पहले गन्ना किसानों के बैंक खाते में बकाया मूल्य के



दो लाख करोड़ रुपये अंतरित किए जाने के अवसर पर कहा, "पिछली सरकारों में किसान आत्महत्या करता था। आज मैं कह सकता हूं कि पिछले छह वर्षों में उत्तर प्रदेश में किसी भी अन्नदाता किसान के सामने आत्महत्या करने की नौबत नहीं आई। हमने उसके गन्ना मूल्य का भुगतान किया है। समय पर धान और गेहूं की खरीद की है।" उन्होंने कहा, "जरा याद कीजिए वो समय जब प्रदेश के गन्ना किसान खेतों में ही अपनी फसल को जलाने के लिए मजबूर था। उन्हें सिंचाई के लिए न तो समय से पानी मिलता था और न ही बिजली उपलब्ध कराई जाती थी। और तो और समय से उनकी बकाया धनराशि का भुगतान भी नहीं किया जाता था।" योगी ने आगे कहा, "मगर आज का दिन गन्ना किसानों के लिए ऐतिहासिक होने जा रहा है, जब होली की पूर्व संध्या पर सोमवार को दो लाख करोड़ की धनराशि उनके बैंक खातों में सीधे भेजी गई। यह कदम हमारे गन्ना किसानों की होली की खुशी को दोगुनी कर देगा।" उन्होंने कहा, "पहले समय पर पानी, खाद और उपज का सही मूल्य न मिलने के कारण खेती घाटे का सौदा मानी जाती थी। हमने गन्ना किसानों को दलालों के चंगुल से मुक्त कराया है। आज किसानों को खरीद पर्ची के लिए इधर–उधर भटकना नहीं पड़ता और उनकी पर्ची उनके स्मार्टफोन में आ जाती है।" मुख्यमंत्री ने कहा, "जो लोग किसानों के नाम पर शोषण और दलाली करते थे, उनकी दुकान बंद हो गई है। ऐसे में जाहिर है कि उन्हें परेशानी होगी ही।" इस मौके पर योगी ने सहकारी गन्ना एवं चीनी मिल समितियों में स्थापित फार्म मशीनरी बैंकों के लिए ७७ ट्रैक्टरों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा, "किसान केवल किसान होता है। उसकी कोई जाति, मत, मजहब नहीं होता। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सत्ता संभालने के बाद पहली बार किसान किसी सरकार के एजेंडे का हिस्सा बने और उन्हें ईमानदारी से शासन की योजनाओं का लाभ मिलना शुरू हुआ।" योगी ने कहा, "सॉयल हेल्थ कार्ड (मृदा स्वास्थ्य कार्ड), किसान बीमा योजना, कृषि सिंचाई योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ आज हर उस किसान को उपलब्ध कराया जा रहा है, जो पहले साहूकारों पर निर्भर होता था।" मुख्यमंत्री ने कहा, "जो लोग किसानों के नाम पर शोषण और दलाली करते थे, उनकी दुकान बंद हो गई है। ऐसे में जाहिर है कि उन्हें परेशानी होगी ही।" इस मौके पर योगी ने सहकारी गन्ना एवं चीनी मिल समितियों में स्थापित फार्म मशीनरी बैंकों के लिए ७७ ट्रैक्टरों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा, "किसान केवल किसान होता है। उसकी कोई जाति, मत, मजहब नहीं होता। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सत्ता संभालने के बाद पहली बार किसान किसी सरकार के एजेंडे का हिस्सा बने और उन्हें ईमानदारी से शासन की योजनाओं का लाभ मिलना शुरू हुआ।" योगी ने कहा, "सॉयल हेल्थ कार्ड (मृदा स्वास्थ्य कार्ड), किसान बीमा योजना, कृषि सिंचाई योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ आज हर उस किसान को उपलब्ध कराया जा रहा है, जो पहले साहूकारों पर निर्भर होता था।"

# ई–अभियोजन पोर्टल से मामलों को हल करने में उत्तर प्रदेश अव्वल

लखनऊ। उत्तर प्रदेश लगातार दूसरे साल ई–अभियोजन पोर्टल के माध्यम से सबसे अधिक संख्या में प्रकरणों को दर्ज करने और उनके निस्तारण के मामले शीर्ष पर रहा। अधिकारिक जानकारी के मुताबिक उत्तर प्रदेश महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामलों में सजा देने की दर को लेकर अग्रणी राज्य बना है। अपर पुलिस महानिदेशक (अभियोजन) आशुतोष पाण्डेय ने रविवार को बताया कि ई–अभियोजन पोर्टल के जरिये सबसे ज्यादा संख्या में मामले दर्ज करने और उनके निस्तारण में उत्तर प्रदेश वर्ष २०२१ के बाद २०२२ में भी शीर्ष पर रहा। अधिकारी ने कहा कि हमें २०२२ के लिए हाल में जो ट्रॉफी मिली है, उसे जिलों में भी भेजा जाएगा ताकि हमारे अभियोजकों और पुलिस अधिकारियों के अंदर मामलों में सजा सुनिश्चित करने में उनकी कड़ी मेहनत को लेकर गर्व की भावना पैदा हो सके। उन्होंने बताया कि डिजिटल इंडिया मिशन के तहत केंद्र द्वारा प्रबंधित यह पोर्टल इंटर–ऑपरेबल क्रिमिनल जस्टिस



सिस्टम (आईसीजेएस) के तहत पुलिस विभाग और अभियोजन निदेशालय के बीच संवाद सुनिश्चित करता है। उन्होंने बताया कि यह पोर्टल अदालतों, पुलिस, कारागारों और फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशालाओं के बीच जानकारी का आदान–प्रदान करता है। इसका उद्देश्य पीड़ितों और उनके परिवारों को समय पर न्याय प्रदान करना है। पाण्डेय ने बताया कि फरवरी तक उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार उत्तर प्रदेश में पोर्टल पर १,११,८६,०३० मामले दर्ज किए गए हैं। इसके बाद मध्य प्रदेश में २६,३१,३३५, बिहार में ११,८६,२८८, गुजरात में ५,१६,३१० और छत्तीसगढ़ में ४,७१,२६५ मामले दर्ज किए गए हैं। उन्होंने बताया कि २०२१ में उत्तर प्रदेश में महिलाओं के खिलाफ अपराध से संबंधित मामलों में सजा की दर राष्ट्रीय औसत २६.५ प्रतिशत के मुकाबले ५६.१ प्रतिशत थी। अपर पुलिस महानिदेशक ने बताया कि आपराधिक मामलों में सजा सुनिश्चित करने में भी उत्तर प्रदेश ने लगातार सुधार किया है। बलात्कार के मामलों में, २०२० में १७७ की तुलना में २०२२ में ६७१ मामलों में सजा हुई। इसी तरह, पॉक्सो अधिनियम के तहत दर्ज मामलों में जहां वर्ष २०२० में ५३५ प्रकरणों में सजा दिलाई गई वहीं २०२२ में यह आंकड़ा बढ़कर २,३१३ हो गया है। उन्होंने बताया कि पिछले दो वर्षों में दहेज हत्या, अपहरण और यौन उत्पीड़न के मामलों में सजा दिलाने की दर क्रमशः २२० प्रतिशत, ४७५ प्रतिशत और २,०७५ प्रतिशत बढ़ी है। पाण्डेय ने कहा कि हमने समय पर न्याय सुनिश्चित करने के लिए अभियोजन पक्ष से संबंधित हर पक्ष को एक साथ लाने की कोशिश की है। ई–अभियोजन पोर्टल इसे सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि हमने सरकारी वकीलों, पुलिस और न्यायिक अधिकारियों के रवैये को बदलने की कोशिश की है ताकि वे मुकदमों के त्वरित निस्तारण के लिए मिलकर काम कर सकें। वरिष्ठ अधिवक्ता रोहित कांत ने कहा कि उत्तर प्रदेश में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधिक मामलों में सजा की दर में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि इन मामलों में मुकदमे की अवधि भी कम हो गई है जो अभियोजन पक्ष में शामिल लोगों की मानसिकता में बदलाव का संकेत है।

# मिलेट्स के प्रोत्साहन पर २०० करोड़ खर्च करेगी योगी सरकार

लखनऊ। देश के कुल खाद्यान्न उत्पादन में २० फीसदी का योगदान देने वाला उत्तर प्रदेश में अंतराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराने को तैयार है और मिलेट्स के प्रोत्साहन के लिये राज्य कर योगी सरकार ने अपने बजट में करीब २०० करोड़ रुपये का प्राविधान किया है। यह आयोजन भारत की पहल पर ही हो रहा है। लिहाजा देश में इस आयोजन को सफल बनाने की जोरदार तैयारियां चल रही हैं। दुनिया की उर्वरतम भूमि में शुमार इंडो गंगेटिक बेल्ट का अधिकांश हिस्सा उत्तर प्रदेश में ही आता है। भरपूर पानी एवं मानव संसाधन होने के नाते उत्तर प्रदेश में किसी तरह की खेती की संभावना भी अच्छी है। यही वजह है कि मात्र ११ फीसद रकबे वाला उत्तर प्रदेश देश का २० फीसद खाद्यान्न पैदा करता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की खेतीबाड़ी में खासी रुचि भी है। यही वजह है कि अंतरराष्ट्रीय मिलेट वर्ष को सफल बनाने में उत्तर प्रदेश की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण होगी। सरकार "उत्तर प्रदेश मिलेटस पुनरोद्धार कार्यक्रम" चला रही है जिसमें मिलेट्स की पोषण संबंधी खूबियों से लोगों को जागरुक किया जा रहा है कि बेहतर स्वास्थ्य एवं पोषण सुरक्षा के लिए अधिकतम लोग इनका किसी न किसी रूप में इनका उपभोग करें। इसके मद्देनजर योजना के तहत मिलेट्स फसलों (बाजरा,ज्वार, सावा, कोदो आदि) की खेती को व्यापक पैमाने पर बढ़ावा देने के लिए समग्रता में प्रयास किये जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि वर्ष २०२१-२२ में कुल १०.८३ लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में प्रमुख मिलेट्स फसलों का उत्पादन होता है। इसमें बाजरा, ज्वार, कोदो एवं सावा का रकबा क्रमशः ६.०५ , १.७१, ०.०२, ०.०५ लाख हेक्टेयर है। २०२६-२७ तक इनकी बोआई का रकबा बढ़ाकर तक २५ लाख हेक्टेयर करने का महत्वाकांक्षी



लक्ष्य योगी सरकार ने तय किया है। चार साल में २.५ लाख किसानों को निःशुल्क बीज देने में ११.८६ करोड़ रुपये खर्च करेगी। इसके लिए सरकार किसानों को निःशुल्क बीज मिनीकिट वितरित करेगी। योजना के तहत चार वर्षों में २.५ लाख बीज मिनीकिट मिलेटस के उपलब्ध कराये जायेंगे। इस पर राज्य सरकार ११.८६ करोड़ रुपये खर्च करेगी। मिलेट्स के बीजोत्पादन के लिए सरकार वर्ष २०२३-२४ से २०२६-२७ तक कुल १८० ेषक उत्पादक संगठनों को चार लाख रुपये प्रति एफपीओ की दर से सीड़ मनी उपलब्ध कराया जायेगा। इससे भविष्य में प्रदेश में मिलेटस की विभिन्न फसलों के बीज स्थानीय स्तर पर कृषकों को उपलब्ध हो सकेंगे। इस कार्यक्रम पर चार वर्षों में ७.२० करोड़ रुपये का व्यय आयेगा। मिलेट्स का रकबा एवं उत्पादन बढ़ाने के लिए विभिन्न प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम राज्य से लेकर ब्लाक स्तर पर चलाए जाएंगे। इसके तहत हर साल ७२,५०० किसानों को हर साल मिलेट्स की बेहतर खेती के तौर-तरीकों के बाबत प्रशिक्षित किया जाएगा। इस तरह चार साल में कुल २.६ लाख किसान लाभान्वित होंगे। इस तरह मिलेट्स फसलों के क्षमतावर्धन एवं प्रचार-प्रसार पर चार वर्षों में १११.५० करोड़ रुपये का व्यय आएगा। वर्ष २०२३-२४ से वर्ष २०२६-२७ तक मिलेटस के मूल्य संवर्धन के लिए प्रदेश में कुल ५५ मिलेटस प्रसंस्करण, पैकिंग सह विपणन केन्द्र की स्थापना कराया जाएगा। एक इकाई की लागत ६५ लाख रुपए आंकलित है। २५ इकाई की स्थापना के लिए कृषि विश्वविद्यालय एवं कृषि विज्ञान केन्द्रों को शत प्रतिशत अनुदान उपलब्ध कराया जाएगा। ३० इकाइयों की स्थापना के लिए कृषक उत्पादक संगठन एवं उद्यमियों को कुल निर्धारित लागत का ५० फीसद अनुदान देय होगा। तय समय मे इस पट लगभग ३८ करोड़ रुपये खर्च होंगे।

## ३१ जनवरी तक अनुसूचित, सामान्य, पिछड़ा व अल्पसंख्यक वर्ग का डाटा लॉक नहीं किया

लखनऊ। अनुसूचित जाति, सामान्य जाति, पिछड़ी जाति व अल्पसंख्यक वर्ग के लाखों स्नातक छात्र-छात्राएं वर्ष २०२२-२३ की दशमोत्तर छात्रवृत्तिध्शुल्क प्रतिपूर्ति योजना से वंचित होंगे। जिनका सरकारी विश्चविद्यालयों (एफिलियेटिंग एजेंसी) ने आवेदनों का डाटा ३१ जनवरी तक लॉक नहीं किया है। जिसमें सैकड़ों डिग्री कॉलेज शामिल हैं। इधर, तय समय पर डाटा लॉक न होने पर उच्च अधिकारियों ने विश्वविद्यालयों की लापरवाही पर कोई सख्त निर्देश नहीं दिए। जिससे की विश्वविद्यालयों की तरफ से सुधार किया जाता, बल्कि समाज कल्याण, पिछड़ा वर्ग कल्याण व अल्पसंख्यक कल्याण के निदेशालयों से समय से भरे गए छात्र-छात्राओं के आवेदनों का डाटा एनआईसी के माध्यम से संबंधित जिले के अधिकारियों को नियमावली के तहत १० मार्च तक निरस्त करने के निर्देश जारी किए हैं। जबकि छात्रवृत्ति के मामलों में निजी विश्वविद्यालय आगे रहे, जिन्होंने समय रहते डाटा लॉक कर दिया, जिनके छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति मिलेगी। इन सभी विभागों का नोडल समाज कल्याण विभाग है, जो संतोषजनक जवाब नहीं दे पा रहा है। पहले छात्रवृत्ति के आवेदनों का डाटा पोर्टल पर लक करने की व्यवस्था जिला विद्यालय निरीक्षक के पास थी। जो अपने स्तर से डिग्री कलेजों का डाटा लॉक करके एनआईसी को भेजते थे और एनआईसी के माध्यम से सत्यापन किया जाता था। लेकिन, इधर यह व्यवस्था संबंधित विश्वविद्यालयों को दे दी गई जहां से जिनकी मान्यता है। विश्वविद्यालय छात्र-छात्राओं की सीट, फीस व छात्रवृत्ति का डाटा लॉक करते हैं। चर्चा है कि इधर छात्रवृत्ति में घोटाले की जांच ईडी कर रही है। शायद इसी कारण फर्जीवाड़े के डर से विश्वविद्यालयों ने छात्रवृत्ति के लाखों आवेदनों का डाटा लॉक कर आगे नहीं बढ़ाया है। जबकि इन्हीं विश्वविद्यालयों ने कई डिग्री कॉलेजों का डाटा लॉक भी किया है।


## मकान के अंदर गैस सिलेंडर फटा, दो लोग घायल

लखनऊ। राजधानी के पारा थाना क्षेत्र स्थित बुद्धेश्वर चौराहा के पाल कालोनी में रविवार देर शाम गैस सिलेंडर फटने से बड़ा हादसा हो गया। इस हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। वहीं जिस मकान में सिलेंडर फटा था,वह मकान पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की सूचना पाकर मौंके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस गैस सिलेंडर फटने के कारणों की जांच कर रही है। दरअसल, रविवार देर शाम पाल कालोनी स्थित एक मकान में गैल सिलेंडर फटा है। इस मकान में दो किरायेदार रहते थे और पास में ही गैस की दुकान चलाते थे। जहां पर छोटे सिलेंडर में गैस भर की दी जाती थी। स्थानीय लोगों की माने तो यही काम दोनों किरायेदार घर में किया करते थे। किरायेदारों में से एक का नाम सतीश सिंह बताया जा रहा है। जब यह हादसा हुआ उस दौरान रामू व अमित छोटे गैस सिलेंडर में गैस भरवाने के लिए आये थे। गैस सिलेंडर फटने से मकान पूरी तरह से छतिग्रस्त हो गया। वहीं इस हादसे में रामू और अमित को गंभीर चोटें आई हैं।

## अमौसी एयरपोर्ट पर टैक्सी चालकों ने किया हंगामा

लखनऊ। चौधरी चरण सिंह अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर तैनात निजी सुरक्षा गार्डों की मनमानी से परेशान एयरपोर्ट प्रीपेड टैक्सी सेवा के चालकों ने रविवार को जमकर हंगामा किया। एयरपोर्ट के वीआईपी रोड गोल चौराहे के पास हंगामा कर रहे कार टैक्सी ड्राइवरों का आरोप था कि एयरपोर्ट पर एमएसएफ सिक्योरिटी कंपनी के गार्डों की ओर से आये दिन उनके साथ मारपीट अभद्रता की जाती है। इतना ही नहीं उनका आरोप था कि यह गार्ड टैक्सी चालकों से आए दिन अवैध वसूली करने के साथ ही उनकी गाड़ियों को ब्लैक लिस्टेड करवाने की धमकी देते रहते हैं। हंगामा प्रदर्शन कर रहे चालकों का कहना था कि अगर कोई कार टैक्सी चालक विरोध करता है तो इन गार्डों द्वारा उनकी गाड़ियों में जबरदस्ती लक लगा दिया जाता है। चालकों ने आरोप लगाया कि कुछ दिन पहले यहां के गार्ड अजीत सिंह ने सलमान नामक टैक्सी चालक की बुरी तरह पिटाई कर दी थी। मामले में ५ दर्जन से अधिक कार टैक्सी चालकों ने आरोपी गार्डों के खिलाफ सरोजनीनगर थाने में लिखित शिकायत की है।

## जालसाजों ने पिता के खाते से उड़ाए ३० लाख रुपये



लखनऊ। साइबर अपराधियों पर लगाम लगाने के लिए यूपी पुलिस लगातार कोशिशें कर रही है लेकिन अपराधी इसके बावजूद घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। ताजा मामला राजधानी लखनऊ का है। यहां एक बैंक कर्मचारी रजनीश कुमार के मोबाइल को हैक कर अपराधियों ने ३० लाख रुपये उनके अकाउंट से ट्रांसफर कर लिए। पीड़ित ने इसकी शिकायत गाजीपुर पुलिस से की है,जहां मामले की पड़ताल की जा रही है। पीड़ित के अनुसार उसका बेटा अनलाइन गेम खेलता था। इसी दौरान साइबर अपराधियों ने उन्हें शिकार बनाते हुए उनके खाते से ६३० लाख ट्रांसफर कर लिए। रजनीश ने गाजीपुर थाने में एफआईआर दर्ज कराई है।

## होटल में होली पार्टी के दौरान बीच जमकर चले लात-घूंसे, महिलाओं से छेड़खानी का आरोप

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के विभूतिखंड थानाक्षेत्र अन्तर्गत रविवार की देर शाम द ग्रैंड जेबीआर होटल में होली पार्टी के दौरान जमकर बवाल हुआ। नशे में धुत लोगों ने महिलाओं से भी अभद्रता की। जब मामला तूल पकड़ने लगा तो होटल में मौजूद लोगों ने पुलिस कंट्रोल रुम पर सूचना दी। जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में लिया है। हालांकि कुछ लोग पुलिस के पहुंचने से पहले वहां से भाग निकले। प्रभारी निरीक्षक राम सिंह के मुताबिक, रविवार देर शाम करीब ०७:३० बजे द ग्रैंड जेबीआर होटल में होली पार्टी चल रही थी। इस पार्टी में कई लोग शामिल थे। इसी बीच किसी बात को लेकर दो पक्षों के बीच नोंकझोंक



हो गई और उनका विवाद मारपीट में तब्दील हो गया। प्रत्यदर्शियों की मानें तो फ्लोर पर लोग नशे में धुत होकर एक-दूसरी की लात-घूंसे और बेल्टों से पीट रहे थे। जिससे वहां भगदड़ मच गई। हालांकि इस मारपीट के बीच एक महिला वहां मौजूद थी। जो अपने मोबाइल कैमरे की मदद से पूरे प्रकरण का वीडियो तैयार कर रही है। जब यह मामला तुल पकड़ने लगा तो मौजूद लोगों ने फौरन पुलिस कंट्रोल रुम पर सूचना दी। बताया कि पुलिस के पहुचंने से पहले कुछ युवक होटल से भाग निकले। जबकि पुलिस ने आधा दर्जन लोगों को हिरासत में लिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि इस सम्बन्ध में किसी की तरफ से तहरीर नहीं दी गई। तहरीर मिलने पर पुलिस कार्रवाई करेगी। फिलहाल वीडियो के आधार पर पुलिस फरार हुड़दंगियों की पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगी।

# यह साहस और कायरता के बीच की लड़ाई है: राहुल गांधी

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी पर जमकर निशाना साधा और कहा कि वह अपनी आलोचनाओं से नहीं डरते हैं और यह 'साहस तथा कायरता और प्रेम तथा घृणा' के बीच की लड़ाई है। ब्रिटेन की एक सप्ताह लंबी यात्रा पर आए राहुल गांधी फिलहाल लंदन में हैं और उन्होंने 'इंडियन ओवरसीज कांग्रेस' द्वारा भारतवंशियों (प्रवासी भारतीयों) के साथ आयोजित बातचीत के दौरान उक्त टिप्पणी की। राहुल गांधी ने कहा, ''जितना वह मेरे ऊपर हमला करेंगे, मेरे लिए उतना अच्छा होगा, क्योंकि मैं (उन्हें) उतना बेहतर समझ पाउंगा. यह साहस और कायरता के बीच की लड़ाई है। यह सम्मान और अपमान के बीच की लड़ाई है। यह लड़ाई प्रेम और घृणा के बीच है।'' तालियों की गूंज के बीच उन्होंने कहा, ''जैसा कि मैंने यात्रा के दौरान कहा थारू नफरत के बाजार में, हम मोहब्बत की दुकान खोलने आए हैं।'' कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि उन्हें कैंब्रिज विश्वविद्यालय में व्याख्यान देने के लिए बुलाया गया है और निराशा जताते हुए कहा कि भारतीय राजनेता भारत के विश्वविद्यालयों में यूं खुलकर अपने विचार नहीं रख सकते हैं। 'एकता, विविधता और समावेश' की थीम पर आयोजित सम्मेलन में भाग लेने पहुंचे हजारों लोगों के जिंदाबाद के नारों के बीच राहुल गांधी ने कहा, ''अच्छा माहौल था (कैंब्रिज विश्वविद्यालय में) और उसने मुझे सोचने पर विवश कर दिया कि एक भारतीय राजनेता कैंब्रिज विश्वविद्यालय, हार्वर्ड विश्वविद्यालय में व्याख्यान दे सकता है, लेकिन वह भारत के किसी विश्वविद्यालय में नहीं बोल सकता है।'' कांग्रेस सांसद ने कहा, ''कारण सिर्फ इतना है कि हमारी सरकार विपक्ष के किसी विचार, विपक्ष के किसी सिद्धांत पर चर्चा नहीं होने देती है। संसद भवन में भी यही होता है, जब भी हमें महत्वपूर्ण मुद्दों पर बोलना होता है, जैसे.. नोटबंदी, जीएसटी, यह तथ्य कि चीनी हमारी सीमा के भीतर घुसकर बैठे हैं.... हमें इन्हें (इन मुद्दों को) सदन में उठाने नहीं दिया जाता है।'' इस पर वहां मौजूद करीब दो हजार लोगों द्वारा ''शेम, शेम'' (शर्म करो) के नारे लगाए गए। राहुल गांधी ने कहा, ''यह शर्मनाक है, लेकिन सच है और यह वह भारत नहीं है, जिसकी हम सभी को आदत है। हमारा देश एक मुक्त देश है, ऐसा देश है जहां हम अपनी बुद्धिमत्ता पर गर्व करते हैं, एक–दूसरे के विचारों का सम्मान करते हैं, एक–दूसरे की सुनते हैं, लेकिन इस माहौल को बर्बाद कर दिया गया है।'' राहुल गांधी ने फिर से



कहा कि उन्हें कन्याकुमार से कश्मीर तक करीब ४,००० किलोमीटर लंबी 'भारत जोड़ो यात्रा' करने को मजबूर होना पड़ा क्योंकि वे सभी संस्थाएं जो लोकतंत्र की रक्षा करती हैं और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता देती है उन पर ''भाजपा ने कब्जा कर लिया है।'' कांग्रेस नेता ने कहा कि उनकी 'भारत जोड़ो यात्रा' ने पूरे देश को दिखाया की असल भारत क्या है? उन्होंने कहा, ''भारत के मूल्य क्या हैं? हमारे धर्म हमें क्या सीखाते हैं? हमारी अलग–अलग भाषाएं क्या कहती हैं? हमारी अलग–अलग संस्कृतियां हमें बताती हैं (कि) हम भिन्न–भिन्न विचारों वाला एक देश हैं। हममें बिना किसी घृणा, बिना क्रोध और अपमान के सौहार्दपूर्ण तरीके से एकसाथ रहने की क्षमता है। और जब हम ऐसा करते हैं, तभी हम सफल हैं। यात्रा का यही संदेश था।'' राहुल गांधी बातचीत के दौरान समय–समय पर हिन्दी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में बोले और एक बार फिर भारत–चीन संबंधों पर अपनी चिंता जाहिर की। भाजपा पर निशाना साधते हुए कांग्रेस के ५२ वर्षीय नेता ने कहा, ''दूसरी ओर, हमारे पास घृणा और हिंसा की विचारधारा है, ऐसी अपमानजनक विचारधारा है जो दूसरों पर उनके विचारों के कारण हमले करती है। और आपने महसूस किया होगा कि यह भाजपा और आरएसएस (राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ) की प्रकृति में है।'' वहीं, एक साक्षात्कार में विदेश मंत्री एस. जयशंकर की टिप्पणी के संदर्भ में राहुल गांधी ने कहा, ''अगर आप विदेश मंत्री के बयान पर गौर करें तो, उन्होंने कहा कि चीन हमसे कहीं ज्यादा शक्तिशाली है। यह सोचना कि चीन हमसे ज्यादा शक्तिशाली है, मैं उससे कैसे लड़ सकता हूं? इस विचारधारा की जड़ में कायरता है।'' वहीं, भाजपा ने राहुल गांधी पर विदेश की धरती पर भारत की छवि खराब करने और चीन की प्रशंसा करने का आरोप लगाया है। इस कार्यक्रम का आयोजन 'इंडियन ओवरसीज कांग्रेस (आईओसी)' की ब्रिटेन इकाई ने किया था जो राहुल गांधी को 'भारत के अगले प्रधानमंत्री' के रूप में पेश कर रही है और उसने प्रवासी भारतीयों और भारत वंशियों से 'भारत जोड़ो यात्रा' के माध्यम से सामने आयी पार्टी की विचारधारा का समर्थन करने का आह्वान किया है। आईओसी की ब्रिटेन इकाई के अध्यक्ष कमलप्रीत धालीवाल ने कहा, ''किसी ने इतनी लंबी यात्रा पूरी नहीं की है और २०२४ (आम चुनाव) के चुनावों का इंतजार है। प्रवासी भारतीयों की उसमें महत्वपूर्ण भूमिका होगी। पश्चिम लंदन में उपलब्ध सबसे बड़े सभागार का ब्रिटेन के अलग–अलग हिस्सों से आए लोगों से खचाखच भरना, समर्थन को दिखाता है।'' वहीं, पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के सलाहकार सैम पित्रोदा ने कहा, ''भारत का भविष्य, भारत के उस विचार में हैं जो कांग्रेस पार्टी के पास है।

# सीबीआई का राबड़ी देवी के घर छापा, इस मामले में टीम ने लिया है बड़ा एक्शन

बिहार। बिहार में सीबीआई ने बड़ी कार्रवाई करते हुए राबड़ी देवी के पटना स्थित आवास यानी राबड़ी आवास पर छापेमारी की है। सीबीआई की टीम ने रेलवे में नौकरी के बदले रिश्वत में जमीन लेने के मामले में ये छापेमारी की है। बता दें कि सीबीआई की टीम इस मामले में चार्जशीट दाखिल कर चुकी है। इस मामले पर चार्जशीट दाखिल होने के बाद राउज एवेन्यू कोर्ट ने इस मामले पर संज्ञान लिया। इस मामले में अब तक कुल १४ लोगों को समन भेजे जा चुके है। कोर्ट में आरोपियों की पेशी १५ मार्च से होगी, जिसके बाद सभी के खिलाफ आरोप तय किए जाएंगे। जानकारी के मुताबिक



ये कार्रवाई लैंड फॉर जॉब स्कैम का है। इसमें जमीन के बदले नौकरी दी गई थी। इस मामले में राबडी देवी और मीसा को राउज एवेंयू कोर्ट से समन जारी हो चुका है। सीबीआई ने भी १५ मार्च को चार्जशीट दाखिल करने के बाद पेश होने के लिए कहा है। सभी की पेशी होने से पहले ही सीबीआई की टीम ने राबड़ी आवास पहुंच कर छापेमारी की है। बता दें कि इस मामले में लालू यादव के करीबी व पूर्व विधायक भोला यादव और हृदयानंद चौधरी भी आरोपी है। इस मामले में आरजेडी नेता लालू यादव के ओएसडी रहे भोला यादव को भी सीबीआई की टीम २७ जुलाई को गिरफ्तार कर चुकी है। गौरतलब है कि भोला यादव वर्ष २००४ से २००६ के बीच रेल मंत्री लालू यादव के ओएसडी के पद पर कार्यरत थे।

# मनीष सिसोदिया को आज कोर्ट में किया जाएगा पेश, अब और कस्टडी नहीं मांग सकती सीबीआई

नई दिल्ली। दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के नेता मनीष सिसोदिया को आज कोर्ट में पेश किया जाएगा। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने २६ फरवरी को कथित दिल्ली शराब नीति घोटाले में आठ घंटे की पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था। आज उन्हें स्थानीय अदालत में पेश किए जाने की संभावना है। सिसोदिया की सीबीआई हिरासत आज (सोमवार) खत्म हो रही है और आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक केंद्रीय जांच एजेंसी आप नेता की और हिरासत नहीं मांग सकती है। सूत्रों ने कहा कि सीबीआई अदालत से सिसोदिया को न्यायिक हिरासत में भेजने के लिए कह सकती है। शहर की एक अदालत ने शनिवार को दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री की सीबीआई हिरासत दो दिन के लिए बढ़ा दी। कोर्ट ने यह भी कहा कि सिसोदिया की जमानत याचिका पर सुनवाई १० मार्च को होगी। शनिवार को जब सिसोदिया को अदालत ले जाया जा रहा था, तब आम आदमी पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने उनकी रिहाई की मांग को लेकर मध्य दिल्ली में विरोध प्रदर्शन किया। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने शनिवार को पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की सीबीआई हिरासत दो दिनों के लिए बढ़ा दी, ताकि उनसे भौतिक गवाहों के साथ आमना–सामना कराया जा सके। सीबीआई की हिरासत खत्म होते ही उन्हें आज कोर्ट में पेश किया जाएगा। सिसोदिया को भारतीय दंड संहिता और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की प्रासंगिक धाराओं के तहत आपराधिक साजिश और धोखाधड़ी के इरादे से अब समाप्त की गई आबकारी नीति से संबंधित भ्रष्टाचार के एक मामले में गिरफ्तार किया गया था।

# फिरौती के लिए नाबालिग का अपहरण

हजारीबाग। झारखंड के हजारीबाग जिले में १२ साल के एक बच्चे का कथित तौर पर अपहरण और हत्या करने के आरोप में उसके १५ वर्षीय चचेरे भाई को हिरासत में लिया गया है, जबकि दो अन्य लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। हजारीबाग के पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चौथे ने बताया कि आरोपियों ने एक मार्च को कथित तौर पर छह लाख रुपये की फिरौती के लिए बच्चे को अगवा किया था। उन्होंने बताया कि बाद में आरोपियों ने बच्चे की कथित तौर पर हत्या कर दी और उसका शव पत्थर की गुफा में फेंक दिया। चौथे के मुताबिक, किशोर की हत्या एवं अपहरण के मामले में गिरफ्तार दो अन्य आरोपियों की पहचान कार्तिक यादव (५०) और आशीष कुमार (३६) के रूप में की गई है। उन्होंने बताया कि पुलिस हिरासत में लिए गए पीड़ित के १५ वर्षीय चचेरे भाई और दोनों अन्य आरोपियों के बीच के संबंधों का पता लगाने की कोशिशों में जुटी है। चौथे के अनुसार, पीड़ित की मां किरण देवी ने एक मार्च को शाम तक उसके घर न लौटने के बाद बरकथा पुलिस थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि दो दिन बाद किरण देवी के पास अपहरणकर्ताओं का फोन आया, जिन्होंने उसके बेटे की रिहाई के बदले छह लाख रुपये की फिरौती की मांग की। चौथे ने कहा, ''हम फोन कल को ट्रेस कर आरोपियों तक पहुंचे और एक किशोर को हिरासत में लिया, जबकि दो अन्य लोगों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में तीनों ने अपहरण वाले दिन ही बच्चे की हत्या करने की बात कबूल की है। आरोपियों ने बताया है कि हत्या के बाद उन्होंने बच्चे का शव कोहुआकुंधार वन की एक गुफा में फेंक दिया।

# मंदिर का 'शिवलिंग' क्षतिग्रस्त: एक गिरफ्तार

मुजफ्फरनगर। जिले के जानसठ कस्बे में एक प्राचीन महादेव मंदिर का 'शिवलिंग' क्षतिग्रस्त पाया गया है। पुलिस ने शनिवार को यहां बताया कि इस सिलसिले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। जानसठ के थाना प्रभारी विश्वजीत सिंह ने शनिवार को पत्रकारों को बताया कि पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया है और एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान राहुल के रूप में हुई है। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष प्रवीण तोमर ने पुलिस में दर्ज शिकायत में कहा है कि राहुल ने हथौड़े से शिवलिंग को क्षतिग्रस्त किया। मंदिर के सीसीटीवी फुटेज से राहुल की पहचान हुई। इस बीच, आक्रोशित स्थानीय लोगों ने आरोपी व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# राहुल गांधी देश से कर रहे विश्वासघातः ठाकुर

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की आलोचना करते हुए कहा है कि वे विवादों की आंधी बन चुके हैं और विदेशी दोस्त या विदेशी एजेंसियों या विदेशी चौनल या फिर विदेशी धरती का दुरुपयोग कर भारत



को बदनाम करना उनकी आदत बन चुकी है। ठाकुर ने आरोप लगाया कि ऐसा लगता है कि अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए राहुल गांधी ने सुनियोजित तरीके से विदेशी धरती से भारत को बदनाम करने का ठेका ले रखा है। उनकी भाषा, विचार और कार्यशैली सब कुछ संदिग्ध सा लग रहा है और ये कोई पहली बार नहीं हो रहा है। राहुल गांधी पर सेना का अपमान और भारत के साथ विश्वासघात करने का आरोप लगाते हुए केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि हमारे सेना के जवान शहीद हुए और राहुल गांधी कह रहे हैं कि कार बम में कुछ लोग मर गए, भारतीय सेना को लेकर यह राहुल गांधी की सोच है। राहुल गांधी के बयान की निंदा करते हुए ठाकुर ने कहा कि भारत के मसले को संयुक्त राष्ट्र में ले जाने वाली कांग्रेस और राहुल गांधी अभी भी गुलामी की मानसिकता से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी कमजोर हो सकती है लेकिन भारत कमजोर नहीं है कि वो अमेरिका को हस्तक्षेप करने को कहे। भारत के लोग, भारतीय लोकतंत्र और भारतीय सेना भी मजबूत है और भारत के पास ताकतवर और दूरष्टि रखने वाला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नेतृत्व भी है जिस पर पूरी दुनिया को भरोसा है। राहुल गांधी को देश के साथ विश्वासघात नहीं करने की नसीहत देते हुए अनुराग ठाकुर ने आगे कहा कि विदेश नीति पर आक्षेप उनकी निम्न बौद्धिक स्तर का परिचायक है। वे स्वयं भ्रष्टाचार के मामले में जमानत पर हैं इसलिए संवैधानिक संस्थाओं से उनका भरोसा उठ गया है और वे लगातार झूठ बोल रहे हैं।

# सिब्बल का 'अन्याय' से लड़ने के लिए नये मंच की घोषणा, गैर भाजपाई दलों से मांगा सहयोग

नई दिल्ली। राज्यसभा के सदस्य एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री कपिल सिब्बल ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)–नीत केंद्र सरकार के कार्यकाल में देश में मौजूद 'अन्याय' से लड़ने के लिए शनिवार को एक नये मंच की घोषणा की और इस काम में गैर–भाजपाई मुख्यमंत्रियों एवं नेताओं समेत सभी से उनका सहयोग करने की अपील की। सिब्बल ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि वह न्याय के खिलाफ लड़ाई में लोगों की मदद करने के लिए 'इंसाफ' मंच और 'इंसाफ का सिपाही' नामक वेबसाइट शुरू कर रहे है और इस पहल में वकील अग्रणी भूमिका निभाएंगे। उन्होंने बताया कि वह ११ मार्च को जंतर–मंतर पर इस पहल



के संबंध में एक बैठक करेंगे और भारत के लिए दृष्टिकोण पेश करेंगे। सिब्बल ने कहा कि इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए विपक्षी नेताओं और आम लोगों समेत सभी को खुला निमंत्रण है। उन्होंने अपनी पहल के लिए गैर–भाजपाई मुख्यमंत्रियों और नेताओं से समर्थन देने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा, यह राष्ट्रीय स्तर का एक मंच होगा, जिसमें वकील सबसे आगे होंगे। आरएसएस (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) की शाखाएं भी हर इलाके में अपनी विचारधारा का प्रसार कर रही हैं, जो अन्याय को जन्म देती है। हम उस अन्याय से भी लड़ेंगे। वरिष्ठ अधिवक्ता ने इसे लोगों का मंच बताया और इन अटकलों को खारिज कर दिया कि वह किसी राजनीतिक दल की शुरुआत कर रहे हैं।

## बलात्कार मामले में भाजपा नेता शाहनवाज हुसैन पर प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश रद्द

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने कथित बलात्कार एवं विभिन्न मामलों में भाजपा नेता शाहनवाज हुसैन और उनके भाई के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के निचली अदालत के आदेश को रद्द कर दिया है और उसे (निचली अदालत को) मामले पर नये सिरे से विचार करने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति अमित महाजन ने कहा कि निचली अदालत को, प्राथमिकी दर्ज करने से इनकार करने वाले मजिस्ट्रेट अदालत के आदेश को खारिज करने से पहले संदिग्ध आरोपियों को अपना पक्ष रखने का अवसर देना चाहिए था। अदालत ने हुसैन बंधुओं की याचिका पर अपने हालिया आदेश में कहा, ३१ मई २०२२ के विवादित निर्णय को रद्द किया जाता है। आपराधिक संशोधन याचिका संख्या २५४६२०१८ को बहाल किया जाता है और याचिकाकर्ताओं को सुनवाई का अवसर देने के बाद मामले को नये सिरे से निर्णय के लिए संबंधि



त अदालत के पास लौटाया जाता है। मौजूदा मामले में शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि शाहबाज हुसैन ने उसके साथ बलात्कार किया था और उससे मामले को उजागर न करने को कहा था। शिकायतकर्ता ने दावा किया कि यद्यपि शाहबाज हुसैन ने उससे शादी करने का वादा किया था, लेकिन बाद में उसे पता चला कि वह पहले से ही शादीशुदा हैं। शिकायतकर्ता ने एक गैर–सरकारी संगठन (एनजीओ) चलाने का दावा किया है। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया था कि शिकायतकर्ता पर 'गोमांस खाने और अपना धर्म बदलने एवं इस्लाम अपनाने के लिए भी दबाव डाला गया था।' शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि उसका हुसैन के साथ निकाह हो गया था, लेकिन बाद में भाजपा नेता तीन बार तलाक बोलकर मौके से भाग गये थे। शिकायतकर्ता का यह भी दावा है कि पूर्व केंद्रीय मंत्री शाहनवाज हुसैन ने अपने भाई शाहबाज के साथ साजिश रची थी। मजिस्ट्रेट अदालत ने महिला की शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश देने से यह कहते हुए इनकार कर दिया था कि उसने संज्ञेय अपराध का खुलासा नहीं किया है। हालांकि, निचली अदालन ने एक पुनरीक्षण याचिका में, मंदिर मार्ग पुलिस थाने के प्रभारी को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया था। उच्च न्यायालय के समक्ष याचिकाकर्ताओं के वकील ने दलील दी थी कि उनके खिलाफ आरोपों में किसी भी संज्ञेय अपराध के होने का खुलासा नहीं किया गया है और मजिस्ट्रेट अदालत के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई के दौरान निचली अदालत ने उन्हें कोई नोटिस जारी नहीं किया।

# लाट साहब के अनोखे जुलूस के लिए प्रशासन सतर्क

शाहजहांपुर। शाहजहांपुर में होली पर 'लाट साहब' का अनोखा और अजीबोगरीब जुलूस निकाले जाने का रिवाज हर साल लोगों के कौतूहल का विषय बनता है। इस साल भी इस जुलूस के लिए तैयारियां जोरों पर हैं और इसकी संवेदनशीलता को देखते हुए प्रशासन बहुत एहतियात बरत रहा है। 'लाट साहब' का जुलूस शाहजहांपुर शहर कोतवाली क्षेत्र के फूलमती देवी मंदिर से शुरू होता है। लाट साहब के तौर पर एक व्यक्ति को चुना जाता है लेकिन उसकी पहचान गुप्त रखी जाती है। जुलूस संपन्न होने के बाद उसे तरह–तरह के पुरस्कारों और नकदी से नवाजा जाता है। लाट साहब का जुलूस काफी दिलचस्प और अनोखा होता है। इसमें काले लिबास पहने 'लाट साहब' की पहचान छुपाने के लिए उसे हेलमेट पहनाया जाता है। शहर स्थित देवी मंदिर में पूजा अर्चना करने के बाद लाट साहब भैंसा गाड़ी पर डाले गए तख्त पर विराजमान होते हैं। उनके साथ चलने वाले होरियारे उन्हें झाड़ू से बने पंखे से हवा करते हैं। इतना ही नहीं, वे होलिका माता का जयकारा करते हुए लाट साहब को जूते भी मारते हैं। किसी नाटक के भव्य और यथार्थपूर्ण मंचन सा लगने वाला यह जुलूस जब कोतवाली के अंदर प्रवेश करता है तो कोतवाल परंपरागत रूप से लाट साहब को सलामी देते हैं। उसके बाद लाट साहब कोतवाल से पूरे वर्ष हुए अपराधों का ब्यौरा मांगते हैं तो कोतवाल उन्हें एक शराब की बोतल तथा नगद धनराशि इनाम में देते हैं। यह जुलूस कोतवाली क्षेत्र से शुरू होकर चार किलोमीटर का सफर तय करता हुआ थाना सदर बाजार क्षेत्र तक जाकर लौटता है। यह बड़े लाट साहब का जुलूस होता है। शहर में लाट साहब के छह अन्य जुलूस भी निकलते हैं जो अलग–अलग मोहल्लों में आयोजित किए जाते हैं। स्वामी शुकदेवानंद महाविद्यालय के इतिहास विभाग के प्रभारी डॉक्टर विकास खुराना ने इस जुलूस के इतिहास के बारे में रविवार को बताया कि रोहिलखंड के नवाब अब्दुल्ला खान बहादुर रोहिल्ला ने वर्ष १७३० में शाहजहांपुर में हिंदू–मुस्लिमों के साथ मिलकर होली खेली थी।



फिर हिंदुओं के आग्रह पर नवाब ऊंट पर बैठकर किले के बाहर निकले तो दोनों धर्मों के लोगों ने नारा लगाया कि नवाब साहब आ गए। इसी घटना की याद में हर साल होली पर एक जुलूस निकाले जाने का रिवाज शुरू हुआ। बाद में इसे लाट साहब का जुलूस का नाम दे दिया गया। उन्होंने बताया कि नवाब अब्दुल्ला खां अंग्रेजों के कट्टर विरोधी थे। वर्ष १८५७ की क्रांति के बाद तत्कालीन ब्रिटिश सरकार के इशारे पर खां की याद में निकाले जाने वाले इस जुलूस का स्वरूप बदल दिया गया और समय के साथ यह और विंत होता चला गया। आज आलम यह है कि इस जुलूस में लाट साहब को जूते तक मारे जाते हैं। अपनी तरह के इस अकेले और अजीबोगरीब जुलूस की चर्चा पूरे देश में होती है। इस बार भी लाट साहब के जुलूस के लिए तैयारियां जोरों पर हैं और पुलिस प्रशासन इसकी संवेदनशीलता को देखते हुए बहुत एहतियात बरत रहा है। जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने बताया कि लाट साहब के जुलूस के लिए १२ जोनल मजिस्ट्रेट, १३ सेक्टर मजिस्ट्रेट, २४ उप सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं ८७ स्टैटिक मजिस्ट्रेट बनाए गए हैं। स्टैटिक मजिस्ट्रेट संवेदनशील स्थानों पर तैनात रहेंगे। बाकी मजिस्ट्रेट पूरे जुलूस मार्ग पर तैनात किए जाएंगे। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) त्रिभुवन ने बताया कि लाट साहब के विभिन्न जिलों के रास्तों में पड़ने वाली सभी मस्जिदों को प्लास्टिक से पूरी तरह ढक दिया गया है। इसके अलावा जुलूस मार्ग में निकलने वाली छोटी– छोटी गलियों को भी अवरोधकों से बंद कर दिया जाएगा। पूरे जिले में धारा १४४ के तहत निषेधाज्ञा लागू की गई है। पुलिस अधीक्षक एस. आनंद ने बताया कि लाट साहब के जुलूस के लिए उन्होंने प्रशासन से पांच पुलिस क्षेत्राधिकारी स्तर के अधिकारियों, एक कंपनी रैपिड एक्शन फोर्स, एक कंपनी पीएसी, २०० थाना प्रभारी निरीक्षक तथा ८०० कांस्टेबल की मांग की है। इसके अलावा स्थानीय अभिसूचना इकाई द्वारा संदिग्ध लोगों तथा उपद्रवियों को भी चिन्हित किया जा रहा है। उपद्रवियों पर पैनी नजर रखी जाएगी किसी भी कीमत में हम माहौल खराब नहीं होने देंगे।

# डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक को मिली एक और बड़ी जिम्मेदारी


लखनऊ। उत्तर प्रदेश ओलपिंग संघ की नयी कार्यकारिणी में खेलकूद में दिलचस्पी लेने वाले सूबे के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक को बतौर चेयरमैन शामिल किया गया है। गोमतीनगर स्थित बीबीडी यूपी बैडमिंटन अकादमी में रविवार को वार्षिक सामान्य सभा की बैठक में अगले चार साल की कार्यकारिणी के हुए चुनाव संपन्न हुये जिसमें प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और यूपी वालीबाल संघ के अध्यक्ष बृजेश पाठक को सर्वसम्मति से चेयरमैन चुन लिया गया। इसके अलावा कार्यकारिणी में कोई विशेष बदलाव नहीं किया गया है। उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के चेयरमैन विराज सागर दास को फिर से अध्यक्ष चुना गया है जबकि डा. आनन्देश्वर पाण्डेय पुनः महासचिव निर्वाचित किया गया है। इसके अलावा आईएएस डा.नवनीत सहगल को कार्यकारी अध्यक्ष और आईएएस संजय प्रसाद वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाया गया है वहीं डा. सैयद रफत जुबैर रिजवी को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। चुनाव परिणाम की घोषणा रिटर्निंग ऑफिसर डीसी मिश्रा (रिटायर्ड आईपीएस) ने की। यूपीओए की कार्यकारिणी के वरिष्ठ सदस्यों के चुनाव में खिलाड़ियों से ज्यादा प्रशासनिक अधिकारियों और राजनीतिक हस्तियों को तरजीह दी गयी है। उपाध्यक्ष के पद पर श्याम सिंह यादव (सांसद), सुधीर गर्ग (आईएएस), डा.एस एम बोबड़े (आईएएस), वागीश पाठक (एमएलसी), के. रविंद्र नायक (आईएएस),शबीना यादव (अध्यक्ष यूपी भारत्तोलन संघ–महिला), सुधीर हलवासिया, राम सकल



गुर्जर (पूर्व खेल मंत्री), संजय गर्ग, अभिजीत सरकार, धीरेंद्र सिंह सचान (आईएएस), विजय बहादुर पाठक (एमएलसी) को चुना गया है। संयुक्त सचिव सुधर्मा सिंह, अजय त्रिपाठी, अनिल मिश्रा, पुनीत अग्रवाल, राजेश कुमार सिंह, टीपी हवेलिया व सुश्री स्वाति सिंह (महिला अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी) चुने गए हैं। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने भरोसा दिलाते हुये कहा "यूपीओए की नई टीम प्रदेश में खेलों को आगे बढ़ाने के लिए नई ऊर्जा व नई लगन के साथ काम करेगी। इसके साथ ही खेलों इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में यूपी के अच्छे प्रदर्शन के लिए अभी से तैयारी कर रहे है। हम उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ की इकाई ब्लाक स्तर तक ले जाने के लिए काम करेंगे ताकि यूपी की प्रतिभाओ को एक बड़ा प्लेटफार्म मिले। "कार्यकारी अध्यक्ष चुने गये डा.नवनीत सहगल ने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार खेल व खिलाड़ियों के विकास के लिए सतत प्रयासरत है। नयी खेल नीति जल्द ही सार्वजनिक की जायेगी। अभी हमारा ध्यान यूनीवर्सिटी गेम्स की मेजबानी पर है जो प्रदेश को खेल के क्षेत्र में एक नयी दिशा देगा। प्रदेश से लेकर ग्राम स्तर तक ५००० खेल मैदान व मूलभूत सुविधाओ के साथ विकसित किये जा रहे है। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर निष्क्रिय पड़े खेल संघों को सक्रिय किया जायेगा और इस दिशा में निर्देशों की अनदेखी करने वाले पदाधिकारियों के खिलाफ कड़ा एक्शन लिया जा सकता है।

# अयोध्या में मस्जिद निर्माण में आ रही बाधा दूर

अयोध्या। अयोध्या विकास प्राधिकरण (एडीए) ने शुक्रवार को यहां धन्नीपुर मस्जिद के निर्माण को अंतिम मंजूरी दे दी। मंजूरी न मिलने और एडीए द्वारा भूमि उपयोग के परिवर्तन के मामले के कारण मस्जिद के निर्माण में दो साल से अधिक की देरी हुई। बाबरी मस्जिद–राम जन्मभूमि फैसले में उच्चतम न्यायालय के निर्देश पर सरकार ने अयोध्या जिले के धन्नीपुर गांव में पांच एकड़ जमीन दी थी जिस पर 'इंडो–इस्लामिक कल्चरल फाउंडेशन' ट्रस्ट द्वारा एक मस्जिद, अस्पताल, शोध संस्थान, सामुदायिक रसोई और एक पुस्तकालय का निर्माण कराया जाना है। मंजूरी न मिलने और एडीए द्वारा भूमि उपयोग के परिवर्तन के मामले के कारण मस्जिद के निर्माण में दो साल से अधिक की देरी हुई। अयोध्या के संभागीय आयुक्त और एडीए के अध्यक्ष गौरव दयाल ने शनिवार को कहा, हमने शुक्रवार को हुई बोर्ड बैठक में अयोध्या मस्जिद की



परियोजना को मंजूरी दे दी है। कुछ विभागीय औपचारिकताओं के बाद स्वीत नक्शे कुछ दिन में इंडो–इस्लामिक कल्चरल फाउंडेशन को सौंप दिए जाएंगे। ट्रस्ट के सचिव अतहर हुसैन ने बताया कि सभी मंजूरी मिलने के बाद एक बैठक की जाएगी और मस्जिद के निर्माण की योजना को अंतिम रूप दिया जाएगा। हुसैन ने कहा, हमने २६ जनवरी, २०२१ को मस्जिद की नींव रखी थी, हमने इस दिन को अयोध्या मस्जिद की नींव रखने के लिए चुना क्योंकि सात दशक पहले इसी दिन भारत का संविधान लागू हुआ था। अयोध्या जिले के धन्नीपुर गांव में एक मस्जिद, अस्पताल, शोध संस्थान, सामुदायिक रसोई और पुस्तकालय के निर्माण की मंजूरी के लिए जुलाई २०२० में अयोध्या विकास प्राधिकरण में आवेदन किया गया था। गौरतलब है कि नौ नवंबर, २०१६ को एक ऐतिहासिक फैसले में उच्चतम न्यायालय ने अयोध्या में विवादित स्थल पर राम मंदिर के निर्माण का आदेश दिया था और सरकार से जिले में एक प्रमुख स्थान पर मस्जिद के निर्माण के लिए पांच एकड़ जमीन आवंटित करने को कहा था।

# बेटे-बहू से परेशान बुजुर्ग ने राज्यपाल के नाम कर दी एक करोड़ की जायदाद

मुजफ्फरनगर। मुजफ्फर नगर जिले में एक बुजुर्ग व्यक्ति ने बेटे और बहू के कथित खराब बर्ताव से क्षुब्ध होकर अपनी एक करोड़



रुपये मूल्य की जायदाद उत्तर प्रदेश के राज्यपाल के नाम कर दी है। खतौली कस्बे के एक वृद्धाश्रम में रह रहे ८० साल के नाथू सिंह ने बुढ़ाना तहसील के उप रजिस्ट्रार के कार्यालय में दाखिल एक शपथपत्र में कहा है कि उनकी जमीन उत्तर प्रदेश के राज्यपाल को दे दी जाए। सिंह ने कहा कि उनके निधन के बाद वहां कोई स्कूल या अस्पताल बना दी जाए। इस जमीन की कीमत करीब एक करोड़ रुपये बतायी जाती है।उप रजिस्ट्रार पंकज जैन ने सोमवार को बताया कि नाथू सिंह ने पिछली चार मार्च को अपनी वसीयत तैयार करायी है, जिसमें उनके मकान और १० बीघा ंषि भूमि की कीमत एक करोड़ रुपये से ज्यादा बतायी गयी है। सिंह का आरोप है कि उनके बेटे और बहू ने कई बार उन्हें अपमानित किया। इसी वजह से उन्हें वृद्धाश्रम जाना पड़ा। वृद्धाश्रम की प्रभारी रेखा सिंह ने बताया कि नाथू सिंह पिछले करीब पांच महीनों से उनके वृद्धाश्रम में रह रहे हैं।

# भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में पांच हजार से अधिक छात्र–छात्राओं ने लिया हिस्सा

लखनऊ। विश्व में अति प्राचीन व सबसे मजबूत भारतीय संस्कृति है। इसी के आधार भारत को विश्वगुरू का सम्मान भी मिला है। के लिए रविवार को पारा स्थित गायत्री पीठ में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। अखिल विश्व गायत्री परिवार, शान्तिकुंज




यह कहना है एमिटी यूनिवर्सिटी के पूर्व वाइस चांसलर डॉ. अनिल कुमार का। वह रविवार को पारा स्थित गायत्री पीठ में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे थे। दरअसल, भारतीय संस्कृति के प्रति छात्र–छात्राओं में रूझान बढ़ाने एवं प्रोत्साहित करने हरिद्वार द्वारा आयोजित की गई भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा–२०२२ में प्रवीण छात्र–छात्राओं को मुख्य अतिथि विंग कमाण्डर और पूर्व वाइस चांसलर एमिटी यूनिवर्सिटी डॉ. अनिल कुमार ने प्रशस्ति पत्र दिया। इस परीक्षा में राजाजीपुरम के ४५ विद्यालयों में ५४०० बच्चों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के दौरान न्यू पब्लिक स्कूल सूर्य नगर, की छात्रा आयूषी श्रीवास्तव को जोन में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने पर प्रथम पुरस्कार व अंश यादव को द्वितीय व शिप्रा राठौर को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त प्रत्येक कक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले छात्र–छात्राओं को सम्मानित किया गया। पूरे राजाजीपुरम जोन में भागीदारी के मामले में एसकेडी एकेडमी प्रथम, यशोदा गर्ल्स इण्टर कॉलेज द्वितीय व रेड रोज स्कूल को तृतीय पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम का संचालन पूर्णिमा अवस्थी, सहायक प्रोफेसर बीबीडी यूनिवर्सिटी, लखनऊ व डॉ. रूपम वर्मा द्वारा किया गया। इस दौरान उपेन्द्र कुमार द्विवेदी समेत गायत्री पीठ के समस्त सम्मानित सदस्य उपस्थित रहे।

# हनुमान जी की प्रतिमा के सामने हुआ 'बिकिनी शो', भड़के अखिलेश

लखनऊ। मध्य प्रदेश के रतलाम में आयोजित नेशनल बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता को लेकर सियासी माहौल गरम हो गया है। दरसअल प्रतियोगिता के दौरान महिला प्रतियोगियों ने हनुमानजी की प्रतिमा के सामने अश्लील प्रदर्शन किया गया। जिसको लेकर के लोगों ने आपत्ति जताई है। इस कड़ी में उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इस कार्यक्रम का वीडियो अपने ट्विटर हैंडल पर शेयर करते हुए भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा है। अखिलेश ने वीडियो के कैप्शन में लिखा, ''भाजपाई धार्मिक मूर्तियों का अपमान न करें''। वहीं इस पर कांग्रेस ने कहा कि सभागृह को गंगाजल से धोकर हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया जाएगा। बता दें कि रतलाम जिलें में प्रहलाद पटेल ऑर्गेनाइजिंग कमेटी और रतलाम बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन की तरफ से बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया था। इस कार्यक्रम में महापौर प्रहलाद पटेल की सक्रिय भागेदारी थी। कार्यक्रम की



शुरूआत कन्या पूजन और हनुमान जी की पूजा अर्चना के साथ शुरू हुई। इसके बाद महिलाओं ने मंच पर प्रदर्शन शुरू किया। इस दौरान गानों और उनके कपड़ों को लेकर लोगों ने आपत्ति जताई। कार्यक्रम का विरोध हिंदू संगठनों ने भी शुरू कर दिया है और इस पर कांग्रेस विधायक ने भी तंज कसा है।

# व्यापारियों ने ई–कॉमर्स कंपनियों के पुतलों का किया होलिका दहन

लखनऊ। कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के तत्वाधान में उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ सहित देश के सभी प्रमुख राज्यों की राजधानी में व्यापारियों ने विदेशी ई–कॉमर्स कंपनी ऐमेजन, ७०:से अधिक शेयर धारक विदेशी कंपनी की पूंजी की सहायता से चलने वाली ई कॉमर्स कंपनी फिलपकार्ट सहित अन्य ई–कॉमर्स कंपनियों के पुतलो का होलिका दहन किया। लखनऊ में उदय गंज चौराहे पर उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष एवं कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के प्रांतीय चेयरमैन संजय गुप्ता के नेतृत्व में राजधानी के व्यापारियों ने विदेशी ई–कॉमर्स कंपनी अमेजन, विदेशी कंपनी के सहयोग से चलने वाली ई कॉमर्स कंपनी फिलपकार्ट एवं अन्य ई कॉमर्स कंपनियों के पुतले बनाकर उनका होलिका दहन किया। इस अवसर पर बोलते हुए उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष एवं कनफेडरेशन ऑल इंडिया ट्रेडर्स के प्रांतीय चेयरमैन संजय गुप्ता ने कहा, विदेशी ई–कॉमर्स कंपनियों के कारण देश के परंपरागत व्यापारियों का व्यापार बुरी तरह चौपट हो रहा है। अनेक परंपरागत व्यापारियों को अपने प्रतिष्ठान बंद करने पड़ गए हैं




तथा वर्तमान में प्रदेश एवं देश के रिटेल व्यापारियों को बहुत ही खराब स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि देश एवं प्रदेश में ई कॉमर्स की कोई पॉलिसी ना होने के कारण विदेशी ई–कॉमर्स कंपनियां भारत के नियम कानूनों की अपने हिसाब से व्याख्या एवं उल्लंघन करते हुए व्यापार कर रहे हैं जिसके कारण परंपरागत व्यापारियों का व्यापार खत्म हो रहा है। व्यापारी नेता संजय गुप्ता ने कहा विदेशी ई–कॉमर्स कंपनियों ने भारत में घाटा खाने का अपने एक बजट का प्रावधान कर रखा है। जिसके कारण डीप डिस्काउंटिंग कर रहे हैं। व्यापारी नेता संजय गुप्ता ने कहा यह कंपनियां उत्पादों की पैकिंग एवं विक्रय मूल्यों का भी अपने हिसाब से निर्धारण कर रही हैं। उन्होंने आशंका व्यक्त करते हुए कहा, जब यह कंपनियां पूर्णतया लोगों की क्रय पद्धति में बदलाव एवं परंपरागत व्यापारियों को पूर्णतया खत्म करते हुए रिटेल व्यापार पर एकाधिकार करने में सफल हो जाएंगी तब इनका असली स्वरूप दिखेगा तथा अपने सभी घाटों की भरपाई देश की जनता से ही करेंगी लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी होगी। उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष एवं कैट के प्रांतीय चेयरमैन संजय गुप्ता ने प्रदेश एवं देश में ई कॉमर्स पॉलिसी बनाने की मांग की। उन्होंने कहा यदि जल्दी ही इन विदेशी ई–कॉमर्स कंपनियों को अंकुश नहीं लगाया गया तो प्रदेश एवं देश के रिटेल व्यापारियों के सामने अपने व्यापार को बचाए रखने की बहुत बड़ी चुनौती आ जाएगी तथा व्यापारियों के सामने रोजी–रोटी का संकट आ जाएगा। उन्होंने कहा परंपरागत व्यापारी सभी सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में भरपूर सहभागिता करते हैं एवं लोगों को रोजगार देने का सबसे बड़ा माध्यम परम्परागत व्यापारी ही है। व्यापारी नेता संजय गुप्ता ने कहा, विदेशी ई–कॉमर्स के कारण धीरे–धीरे देश के विदेशी मुद्रा कोष पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा परंपरागत व्यापार को बचाने के लिए सरकार को जल्दी ही कोई ठोस कदम उठाना चाहिए। उन्होंने प्रदेश एवं देश की सरकार से ई कॉमर्स पॉलिसी बनाने एवं लागू किए जाने की मांग की ताकि परंपरागत व्यापारी भी इन विदेशी ई–कॉमर्स कंपनियों से प्रतिस्पर्धा में टिक सके। विदेशी ई–कॉमर्स कंपनियों के पुतलो की होलिका दहन कार्यक्रम में संगठन के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष अविनाश त्रिपाठी, प्रदेश कोषाध्यक्ष मोहम्मद अफजल, प्रदेश उपाध्यक्ष गुरुप्रीत सिंह चड्ढा, नगर अध्यक्ष हरजिण्दर सिंह, नगर महामंत्री आशीष गुप्ता, राजीव शुक्ला, अमित अग्रवाल, मोहित कपूर, नगर उपाध्यक्ष डॉ. साकेत चतुर्वेदी, श्याम सुन्दर अग्रवाल, रोहित गुप्ता, विनोद अग्रवाल, सुभाष अगरवाल, ट्रांस गोमती प्रभारी मनीष पांडेय, अनिरुद्ध निगम,मनमोहन सिंह मोनी, मो. आदिल, इन्दर गांधी, मो. आरिफ, अजितेश श्रीवास्तव, सनी,मोनिश खां, अमित अवस्थी, ओरिंदर पाल सिंह सहित बड़ी संख्या में व्यापारी शामिल थे।

# अनियंत्रित ट्रक ने बाइक को रौंदा, पति–पत्नी समेत दो बच्चों की मौत

लखनऊ। यूपी के अंबेडकरनगर में हुए एक दर्दनाक हादसे में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गयी है। मृतकों में पति–पत्नी और उनके दो बच्चे शामिल हैं। दुर्घटना में शामिल एक बच्चे की हालत नाजुक बनी हुई है। बताया जा रहा है कि ये सभी लोग एक मोटरसाइकिल से जा रहे थे और टांडा रोड कटारिया याकूबपुर के पास हाइवे पर एक ट्रक की चपेट में आ गए। ट्रक रौंदता हुआ बाइक को चला गया और चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गयी।सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी को जिला अस्पताल भेजवाया।घायल बच्चे को लखनऊ रेफर कर दिया गया है। तेज रफ्तार ट्रक ने एक हंसते खेलते परिवार की जिंदगी ही खत्म कर दी। अनियंत्रित ट्रक ने मोटरसाइकिल सवार एक परिवार को अपने चपेटे में ले लिया जिससे परिवर के चार लोगों की मौत हो गयी। बताया जा रहा है कि मालीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चितौना कला निवासी सुनील कुमार अपनी पत्नी रूमा और तीन बच्चों के साथ ससुराल दशरथपुर इत्लिफातगंज से वापस आ रहे थे, अभी ये कटारिया याकूबपुर के पास बाईपास हाइवे पर थे कि एक तेज रफ्तार ट्रक इन सभी को रौंदते हुए फरार हो गया। ट्रक की चपेट में आने से सुनील कुमार उनकी पत्नी व दो बच्चों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी जबकि एक बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस सभी जिला अस्पताल ले गयी जहां मृतकों को मर्चरी हाउस में भेजा गया जबकि घायल बच्चे की हालत नाजुक देखते हुए उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया है। मृतकों की पहचान मालीपुर थाना क्षेत्र के चितौना कला गांव निवासी सुनील कुमार पुत्र बैजनाथ (३२) ,रूमा पत्नी सुनील (३०),रिशु पुत्री सुनील (१०), रितिका पुत्री सुनील (७) वर्ष ,जबकि अश्विन पुत्र सुनील (५) वर्ष गंभीर रूप से घायल है। सीओ सिटी सुरेश कुमार मिश्र ने बताया कि मृतक सुनील कुमार अपनी ससुराल में वरीक्षा में शामिल होने गए थे। वह मोटरसाइकिल पर पत्नी व बच्चों के साथ से जा रहे थे और रास्ते मे ट्रक ने टक्कर मार दी जिससे चार लोगों की मौत हो गयी। अकबरपुर कोतवाल संजय पांडेय ने बताया कि ट्रक फरार है। आसपास लगे कैमरों के सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से उसका पता लगाया जाएगा। घटना की सूचना जैसे ही मृतक के गांव पहुंची वहां हाहाकार मच गया।बड़ी संख्या में जुटे लोग घटना की पुष्टि करते नजर आए।

# मनरेगा श्रमिकों को होली पर भी नहीं मिली मजदूरी

लखनऊ। मनरेगा श्रमिकों को होली पर भी उनकी मजदूरी नहीं मिली है। केंद्र से बजट न आने के कारण राज्य से भुगतान नहीं हो पाया है। इस कारण जनवरी से प्रदेशभर



का २५३ करोड़ २४ लाख ८१ हजार ३५५ रुपये बकाया है। जिसे पाने के लिए श्रमिक कार्यालयों के चक्कर लगा रहे हैं। मनरेगा में बजट का अभाव है। इस कारण श्रमिकों का कई माह से भुगतान नहीं हुआ। सभी जिलों की स्थिति एक जैसी है और रोजाना काम करने से श्रमिकों का बकाया बढ़ता जा रहा है। विभागीय आंकड़ों पर नजर डाले तो जनवरी से अब तक २५३ करोड़ २४ लाख ८१ हजार ३५५ रुपये मजदूरी बाकी है। जबकि जनवरी से पहले का भी करोड़ों बकाया है। होली से पहले श्रमिकों को भुगतान होने की उम्मीद थी। लेकिन, केंद्र सरकार से मजदूरी का बजट नहीं आया है। इससे त्योहार ऐसे ही मनेगा। मनरेगा कर्मियों का भी वेतन बकाया था। जो मुख्यालय से जिलों को जारी कर दिया गया है। इस मामले पर मनरेगा मुख्यालय के उपायुक्त विजय चौधरी ने बताया कि प्रयास कर रहे हैं। बजट मिलते ही खातों में धनराशि भेज दी जाएगी।

# संविदा कर्मियों ने सरकार को थमाया तीन दिवसीय कार्य बहिष्कार का नोटिस

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन सहित सभी ऊर्जा निगमों में आउट सोर्सिंग के माध्यम से कार्यरत ७० हजार संविदा कर्मचारियों ने अपनी १२ सूत्रीय मांगों को लेकर विद्युत संविदा कर्मचारी महासंघ के बैनर तले तीन दिवसीय कार्य बहिष्कार की नोटिस ऊर्जा प्रबंधन को दी है। महासंघ द्वारा संविदा कर्मियों को समान कार्य का समान वेतन और विद्युत दुर्घटना में मृतक के आश्रित को २० लाख रुपए क्षतिपूर्ति दिए जाने सहित सेवा नियमावली बनाए जाने तथा सेवाकाल ५५ वर्ष से बढ़ाकर ६० वर्ष किए जाने सहित १२ सूत्रीय मांगों के समाधान की मांग की है। महासंघ अध्यक्ष एवं वरिष्ठ मजदूर नेता आरएस राय ने बताया कि कई वर्षों से बार बार सरकार और प्रबंधन का ध्यान आकर्षित कराए जाने के बावजूद संविदा कर्मियों की जायज मांगों का समाधान नहीं किया जा रहा है जबकि विद्युत आपूर्ति सहित ६० प्रतिशत कार्यों को आठ से नौ हजार के वेतन पर ही संविदा कर्मियों से बारह घंटे कार्य लिया जा रहा है। विद्युत संविदा कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष आरएस राय द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से पांच साल के अनुभव पर संविदा कर्मियों को पावर कारपोरेशन मे रिक्त ६५ हजार पदों पर ज्येष्ठता से नियमित किए जाने और लम्बित मांगों को पूरा कराने की अपील की गई है।

# मानचित्र के विपरीत व्यवसायिक निर्माण को एलडीए ने किया सील

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण ने अवैध निर्माण के खिलाफ अभियान चलाया। अलीगंज में स्वीकृत मानचित्र के विपरीत मिला व्यवसायिक निर्माण सील कर दिया। कार्रवाई प्राधिकरण व स्थानीय पुलिस के साथ की गई। सोमवार को जोनल अधिकारी गौरव कुमार के निर्देश पर टीम जोन–४ पहुंची। वहां अलीगंज के सेक्टर–सी में एक व्यवसायिक निर्माण होते मिला, जो शंकर लाल लालवानी व अन्य द्वारा कराया जा रहा था। गौरव ने बताया कि टीम ने जांच की तो प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत मानचित्र के विपरीत निर्माण कार्य मिला। जिसके संबंध में किसी तरह के साक्ष्य का मानचित्र नहीं उपलब्ध कराए गए। इस कारण अवैध निर्माण मानकर सील कर दिया गया। यह कार्रवाई विहित प्राधिकारी न्यायालय के आदेश पर की गई है। मौके पर सहायक अभियंता अनिल कुमार, अवर अभियन्ता अम्बरीष शर्मा पुलिस बल के साथ रहे।

# कौशल विकास के जरिये युवा बनेगा आत्मनिर्भर : मुख्यमंत्री


लखनऊ। उत्तर प्रदेश भारत का सबसे युवा प्रदेश है। देश के सबसे ज्यादा युवा यूपी में रहते हैं। युवा देश की तरक्की में अपनी अहम भूमिका निभाते हैं। इसलिए बीते चार सालों में करीब एक करोड़ युवाओं को रोजगार से जोड़ा गया है। आने वाले समय में लाखों युवाओं को रोजगार देने के लिए प्रदेश सरकार ने काम शुरू कर दिया है। जिसके तहत अप्रेंटिसशिप स्कीम की शुरूआत हुई है और इसी स्कीम के तहत युवाओं को रोजगार से जोड़ने का काम किया जायेगा। यह कहना है उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का। वह रविवार को कल्विन तालुकेदार्स कालेज में आयोजित दो दिवसीय लखनऊ कौशल महोत्सव के समापन अवसर पर लोगों को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस अवसर पर अप्रेंटिसशिप स्कीम का जिक्र करते हुये कहा कि इस योजना के तहत हर साल लाखों युवाओं को रोजगार से जोड़ने का काम किया जायेगा। उन्होंने कौशल महोत्सव को इसकी शुरूआत बताया है। मुख्यमंत्री ने स्वर्णिम चतुर्भुज योजना के बारे में बताते हुये कहा कि इस योजना का सपना पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने देखा था। यह उस समय की बात है जब खेती



घाटे का सौदा हुआ करती थी,लेकिन वहीं खेती कोरोना के समय में जब विपरीत वक्त चल रहा था, तब दुनिया को भुखमरी से बचाने का काम किया। मौजूदा समय में खेती रोजगार के अवसर दे रहा है और यह तभी संभव हुआ है जब गांवों को सड़कों से जोड़ा गया । जिससे वहां पहुंचना आसान हुआ। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि कौशल विकास के जरिये युवा आत्मनिर्भर बनेगा। रोजगार मेले से युवाओं को नई उड़ान मिलेगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने खेती को बढ़ावा देने की बात भी कही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक अच्छा इंफ्रास्ट्रक्चर भारत को बहुत बड़ी ताकत बना सकता है। साथ ही यदि कानून व्यवस्था बेहतर होगी तो निवेश आयेगा। जिसका उदाहरण यूपी में देखने को मिला है। बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर और कानून व्यवस्था के चलते यूपी में निवेश आया है। दरअसल, प्रदेश में कौशल विकास,रोजगार,अप्रेंटिसशिप,करियर काउंसलिंग के माध्यम से अधिक से अधिक बेरोजगारों को रोजगार देने के लिए लखनऊ में दो दिवसीय लखनऊ कौशल महोत्सव का प्रदेशस्तरीय आयोजन किया गया था। इस महोत्सव में प्रदेश के युवक– युवतियों को कंपनियों से जुड़ने,जब,अप्रेंटिसशिप पाने का सुनहरा अवसर मिला है।

## भावनात्मक रूप से परिपक्व होना एक कलाकार के काम में झलकता है रणबीर कपूर

नई दिल्ली। रणबीर कपूर का मानना है कि एक कलाकार का भावनात्मक रूप से परिपक्व होना उसके काम में झलकता है। उन्होंने कहा कि पिछले तीन साल में उन्होंने जो उतार–चढ़ाव देखे हैं उससे उनमें एक कलाकार के तौर पर आए बदलावों को समझने में उन्हें अभी समय लगेगा। अभिनेता (४०) के पिता ऋषि कपूर का कैंसर से अप्रैल २०२० में निधन हो गया था। वह पिछले साल अदाकारा आलिया भट्ट के साथ शादी के बंधन में बंधे और नवंबर में उनकी बेटी राहा का जन्म हुआ। उन्होंने कहा कि इन सभी क्षणों ने उन्हें जिंदगी को बेहतर तरीके से समझने का मौका दिया। रणबीर ने 'पीटीआई–भाषा' को दिए एक साक्षात्कार में कहा, ''किसी की भी जिंदगी में अपने माता–पिता में से किसी को खोना एक बेहद



मुश्किल पल होता है। जब आप ४० (वर्ष) के आसपास होते हैं तब अकसर ऐसा होता है... आप इसके लिए कभी खुद को तैयार नहीं कर सकते। हालांकि ऐसे समय में आपका परिवार करीब आ जाता है। इससे आपको जिंदगी को समझने का मौका मिलता है।'' उन्होंने कहा, ''उससे कई अच्छी और बुरी बातें निकलकर सामने आती हैं... मैं एक बेटी का पिता बना। पिछले साल ही मेरी आलिया से शादी हुई। कई उतार–चढ़ाव भी आए लेकिन यही तो जिंदगी है।'' अभिनेता ने कहा कि भावनात्मक रूप से उनमें जो बदलाव आए हैं, उसे अपनी कला में ढालने में अभी उन्हें कुछ वर्ष लग सकते हैं। रणबीर आखिरी बार फिल्म 'ब्रह्मास्त्रः पार्ट वन शिवा' में नजर आए थे। उनकी आने वाली फिल्म 'तू झूठी मैं मक्कार' आठ मार्च को बड़े पर्दे पर रिलीज होगी। फिल्म रिलीज पर अभिनेता ने कहा, ''वैश्विक महामारी के बाद लोगों का फिल्मों को लेकर नजरिया बदला है। लोग एक्शन फिल्मों, 'स्पेशल इफेक्ट' फिल्मों को लेकर उत्साहित हैं, लेकिन यह एक रोमांटिक–कमेडी है।'' उन्होंने कहा, ''मैं देखना चाहता हूं कि क्या दर्शक अब भी इसे मौका देते हैं या नहीं। यह फिल्म जगत के लिए भी जरूरी है क्योंकि इसके चलने पर ही इस विषय की फिल्में आगे बनती रहेंगी, नहीं तो हम केवल एक्शन फिल्मों को ही सिनेमाघरों के लिए बनाएंगे। कई बार लोग एक रोमांटिक–कॉमेडी देख अच्छा समय बिताना चाहते हैं। इसलिए ही मुझे लगता है कि लोगों को यह पसंद आएगी।''


हमारे अन्य प्रतिनिधि

संजय बाजपेई

सीतापुर

मो.9935160370

प्रियंका त्रिपाठी

नई दिल्ली

विधिक सलाहकार

सुरेश नारायण मिश्र

क्षेत्रीय सम्पादक

सौरभ कुमार, बिहार

मो.09386075289

मो० अरशद

ब्यूरो चीफ

मऊ


## सुपरस्टार अमिताभ फिल्म 'प्रोजेक्ट के' की शूटिंग के दौरान घायल

मुम्बई। सुपरस्टार अमिताभ बच्चन हैदराबाद में अपनी आगामी फिल्म 'प्रोजेक्ट के' की शूटिंग के दौरान घायल हो गए। अभिनेता ने स्वास्थ्य अपडेट को अपने ब्लॉग पर साझा किया। हैदराबाद के एआईजी अस्पताल में डॉक्टर से सलाह और



सीटी स्कैन कराने के बाद वे मुंबई के लिए रवाना हो गए, जहां वे अपने घर पर आराम कर रहे हैं। ८० वर्षीय अभिनेता की इस फिल्म के एक एक्शन सीक्वेंस के दौरान उनकी दाहिनी पसली की मांसपेशियों में चोट लग गई। उन्होंने बताया, रिब (पसली) कार्टिलेज पॉप हो गई है। इस घटना के बाद फिल्म की शूटिंग टाल दी गई है। अमिताभ ने लिखा, "हैदराबाद में प्रोजेक्ट के की शूटिंग के दौरान, एक एक्शन शॉट के दौरान, मैं घायल हो गया हूं। दाहिनी पसली में चोट है। शूट रद्द कर दिया। एआईजी अस्पताल में डॉक्टर से परामर्श और सीटी स्कैन कराया। मैं घर वापस आ गया हूं।" "तो सभी काम जो किए जाने थे उन्हें निलंबित कर दिया गया है और रद्द कर दिया गया है जब तक कि मैं पूरी तरह ठीक नहीं हो जाता। मैं जलसा में आराम कर रहा हूं और सभी आवश्यक गतिविधियों के लिए थोड़ा सा मोबाइल देख रहा हूं।" उन्होंने आगे कहा, "मैं आज शाम जलसा गेट पर शुभचिंतकों से नहीं मिल पाऊंगा और जो आने वाले हैं उन्हें जितना हो सके बता देना। बाकि सब ठीक है।" यह स्पष्ट नहीं हो सका कि अमिताभ कब घायल हुए। 'प्रोजेक्ट के' अश्विनी दत्त द्वारा लिखित और निर्देशित साइंस फिक्शन फिल्म है। एक्शन सीन तेलुगू और हिंदी में एक साथ शूट किए जा रहे हैं। इस शो में अमिताभ, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी हैं।

## हार्ट सर्जरी के बाद सुष्मिता सेन बोलीं–95 फीसदी ब्लॉकेज थी

मुंबई। अभिनेत्री सुष्मिता सेन ने कहा कि वह स्वस्थ और सक्रिय जीवनशैली की वजह से दिल का दौरा पड़ने के बावजूद बच गईं। बॉलीवुड अभिनेत्री (४७) ने बताया था कि उन्हें कुछ दिन पहले दिल का दौरा पड़ा था और मिली।' अभिनेत्री ने कहा," यह अच्छा नहीं है। इसने (जिम जाने ने) मेरी मदद की। मैं एक बहुत बड़े दिल के दौरे से बच गई। मुख्य धमनी में ९५ प्रतिशत रुकावट थी, यह गंभीर था। मैं बच पाई क्योंकि मैं एक सक्रिय



उनकी एंजियोप्लास्टी हुई थी। सेन ने कहा कि उन्हें दिल का दौरा पड़ने के बाद बहुत से लोग पूछ रहे हैं कि लंबे वक्त से कसरत करने का फायदा क्या हुआ? उनका कहना है कि इसी व्यायाम ने उनकी दिल के दौरे से उबरने में मदद की है। उन्होंने 'इंस्टाग्राम' पर एक वीडियो साझा कर कहा कि उन्हें पता है कि बहुत से लोग जिम जाना बंद कर देंगे क्योंकि उन्हें लगता है कि 'जिम जाने से उन्हें (सेन को) कोई मदद नहीं जीवन शैली का पालन करती हूं।" उन्होंने कहा, "अलग–अलग कारणों से हमारे शरीर में बहुत कुछ होता है। हम डॉक्टर और वैज्ञानिक नहीं हैं और हम सब कुछ नहीं जानते हैं। लेकिन हम जानते हैं कि हमें क्या करना चाहिए। हमें अपने शरीर को समझना चाहिए।" सेन ने कहा, " आजकल बहुत से युवा दिल के दौरे के बाद जीवित नहीं बच पा रहे हैं। यह अहम है कि अपनी जांच कराते रहें।"


स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय द्वारा सांई आफसेट प्रिन्टर्स, 40 वासुदेव भवन भातखण्डे संगीत महाविद्यालय के पीछे, कैसरबाग लखनऊ से छपवाकर एमआईजी 2/379 रश्मिखंड शारदानगर आशियाना लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।

आर.एन.आई UPHIN/2010/32566

सम्पादक

आरती पाण्डेय

मो.9415087228

9889745884. 9807059191. 9026560178

Email- adbhutsamachar@yahoo.in adbhut_samachar@rediffmail.com

सभी विवादों का न्यायक्षेत्र लखनऊ होगा।



समाचार पत्र में छपी समस्त प्रकार की खबरों एवं लेखों का स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय से किसी भी प्रकार का कोई लेना देना नहीं है। समाचार पत्र में छपी खबर एवं लेख पत्रकारों के अपने निजी विचार हैं। समाचार पत्र से जुड़े समस्त पत्रकारों के पद अवैतनिक हैं। और वह सब स्वतंत्र पत्रकार हैं। प्रकाशक/सम्पादक